# भारत के डिजिटल रूपांतरण को गति देने के लिए आईटीआई लिमिटेड और एयरटेल बिजनेस की रणनीतिक साझेदारी

- **यह साझेदारी उद्यमों को अपने परिचालन को आधुनिक बनाने, सुरक्षित करने और विस्तार देने तथा डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करने में सहयोग करेगी।**
- **दोनों कंपनियों की संयुक्त क्षमताओं के माध्यम से एंटरप्राइज कनेक्टिविटी, डेटा सेंटर एवं सॉवरेन क्लाउड सेवाओं, आईओटी, एआई-संचालित समाधानों और साइबर सुरक्षा सहित भविष्य के लिए तैयार डिजिटल समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे।**

**नई दिल्ली (भारत), 11 अगस्त, 2026:** देश की स्वतंत्रता के पश्चात स्थापित पहली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तथा प्रमुख दूरसंचार एवं विविध प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की निर्माता **आईटीआई लिमिटेड** और सुरक्षित एवं विश्वसनीय कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी तथा संचार समाधान उपलब्ध कराने वाली भारत की अग्रणी कंपनी **एयरटेल बिजनेस** ने भारत में उद्यमों के डिजिटल रूपांतरण को गति देने और विकास, सुदृढ़ता तथा नवाचार के नए अवसरों को खोलने के लिए रणनीतिक साझेदारी की है।

देशभर के उद्यम राष्ट्रीय डिजिटल विकास एवं प्रगति के एजेंडे के अनुरूप अपने डिजिटलीकरण को आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे में यह साझेदारी **आईटीआई लिमिटेड और एयरटेल बिजनेस** की पूरक क्षमताओं एवं इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को एक साथ लाएगा। इससे व्यवसायों को अपनी पुरानी प्रणालियों को आधुनिक बनाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने, सुरक्षा को मजबूत करने तथा बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के प्रति अधिक तेजी से प्रतिक्रिया देने में सहायता मिलेगी।

एंटरप्राइज कनेक्टिविटी, डेटा सेंटर एवं सॉवरेन क्लाउड सेवाओं, आईओटी (IoT), एआई (AI)-संचालित समाधानों, एलईओ (LEO) सैटेलाइट सेवाओं, साइबर सुरक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में भविष्य के लिए तैयार और स्केलेबल डिजिटल समाधानों की एकीकृत श्रृंखला के माध्यम से यह साझेदारी व्यवसायों को पुरानी प्रणालियों की जटिलताओं से निपटने, डिजिटल सुदृढ़ता को मजबूत करने तथा भविष्य के लिए आवश्यक क्षमताओं के निर्माण में सक्षम बनाएगी, जिससे विकास के नए अवसरों का लाभ उठाया जा सकेगा।

**इस अवसर पर आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय ने कहा,** "यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और उत्साह का अवसर है कि आईटीआई लिमिटेड और भारती एयरटेल लिमिटेड ने इस समझौता ज्ञापन (MoU) के माध्यम से ग्राहकों को अत्याधुनिक सेवाएं एवं समाधान उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी की है। यह सहयोग डिजिटल रूपांतरण, तेज एवं व्यापक कनेक्टिविटी, हाइपरस्केल डेटा सेंटर, साइबर सुरक्षा समाधान, आईओटी (IoT) तथा अन्य क्षेत्रों में

हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को संयुक्त रूप से समझने और उन्हें पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। साथ ही, इससे दोनों संगठनों की व्यावसायिक समझ, व्यापक ग्राहक पहुंच और विनिर्माण क्षमताओं जैसी पूरक शक्तियों का लाभ उठाते हुए बेहतर एवं व्यापक समाधान विकसित किए जा सकेंगे।"

**वहीं, एयरटेल बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO), श्री शरत सिन्हा ने कहा,** "जैसे-जैसे भारत डिजिटल विकास के अगले चरण की ओर तेजी से बढ़ रहा है, एक ऐसे मजबूत आधार का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है, जो सुदृढ़, आत्मनिर्भर और नियामकीय मानकों के अनुरूप हो। देशभर के उद्यमों के विश्वसनीय साझेदार के रूप में, एयरटेल बिजनेस लगातार उन्हें जटिलताओं को सरल बनाने, पुरानी प्रणालियों को आधुनिक बनाने और बड़े स्तर पर डिजिटलीकरण को सक्षम करने में सहायता करता रहा है। आज हमें आईटीआई लिमिटेड के साथ साझेदारी करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह साझेदारी भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी, जो व्यावसायिक निरंतरता को सुदृढ़ करेंगे, नवाचार के नए अवसर खोलेंगे और भारत के सुरक्षित डिजिटल-प्रथम भविष्य को समर्थन प्रदान करेंगे।"

दोनों संगठनों की डिजिटल क्षमताओं को एक साथ लाकर यह सहयोग विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायों को पुरानी और बिखरी हुई प्रणालियों, बढ़ते साइबर सुरक्षा जोखिमों, डेटा की बढ़ती आवश्यकताओं तथा अधिक कुशल और तेज परिचालन की जरूरत जैसी प्रमुख चुनौतियों से निपटने में सहायता करेगा।

यह रणनीतिक सहयोग देशभर में डिजिटल एवं दूरसंचार अवसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगा। इसके अंतर्गत उच्च गति वाली एंटरप्राइज कनेक्टिविटी (ओएफसी, जीपॉन, एसडी-डब्ल्यूएएन और प्राइवेट 4जी/5जी) को सुरक्षित डेटा सेंटर एवं सॉवरेन क्लाउड सेवाओं के साथ एकीकृत किया जाएगा। बैंकिंग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों जैसे विनियमित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इस प्लेटफॉर्म में औद्योगिक आईओटी (IoT) आधारित परिसंपत्ति ट्रैकिंग, एआई-संचालित एनालिटिक्स तथा एंड-टू-एंड साइबर सुरक्षा समाधान भी शामिल होंगे।

इसके अतिरिक्त, यह सहयोग नवाचार, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित रहते हुए राष्ट्र की रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहयोग प्रदान करने का प्रयास करेगा।

**आईटीआई लिमिटेड के बारे में**

आईटीआई लिमिटेड देश की पहली दूरसंचार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी। कंपनी प्रमुख दूरसंचार समाधान उपलब्ध कराती है। आईटीआई लिमिटेड एक बहु-इकाई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और दूरसंचार क्षेत्र में संपूर्ण समाधान प्रदाता के रूप में कार्यरत है। कंपनी की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं बेंगलुरु, नैनी, रायबरेली, मनकापुर, श्रीनगर और पालक्काड में स्थित हैं। इसके अलावा, बेंगलुरु में कंपनी का इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास (R&D) केंद्र तथा देशभर में मार्केटिंग, सेल्स एवं प्रोजेक्ट्स (MSP) कार्यालय हैं। कंपनी स्विचिंग, ट्रांसमिशन तथा एक्सेस एवं सब्सक्राइबर परिसर उपकरणों सहित दूरसंचार उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला उपलब्ध कराती है। नवीनतम दूरसंचार समाधान और विभिन्न व्यवसायों के लिए अनुकूलित सहायता प्रदान करने के साथ-साथ आईटीआई लिमिटेड के पास नेटवर्क सिस्टम यूनिट (NSU) भी है, जो उपकरणों की स्थापना एवं कमीशनिंग तथा टर्नकी परियोजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य करती है। आईटीआई लिमिटेड रक्षा और रेलवे क्षेत्रों के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों के विनिर्माण के साथ-साथ सौर उपकरण, NGN उत्पाद, GPON, LED लाइटिंग सिस्टम, ऑप्टिकल उत्पाद तथा अन्य संबद्ध उत्पादों जैसे HDPE, OFC, स्मार्ट कार्ड, रक्षा क्षेत्र के लिए एन्क्रिप्टर और Wi-Fi आदि के निर्माण पर भी केंद्रित है। कंपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से रक्षा, IoT, ई-गवर्नेंस, IT परियोजनाओं एवं सेवाओं के क्षेत्र में भी अपने विविधीकरण का विस्तार कर रही है। आईटीआई लिमिटेड बेंगलुरु इकाई में अत्याधुनिक डेटा सेंटर का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है और सरकारी संस्थानों/विभागों, बैंकों आदि को इसकी सेवाएं उपलब्ध करा रही है।

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.itiltd.in